सत्यमेव जयते

लोक निवास
लेह, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख
LOK NIWAS
Leh, Union Territory of Ladakh

**विनय कुमार सक्सेना**
**उपराज्यपाल**
**Vinai Kumar Saxena**
**Lt. Governor**

# संदेश

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जम्मू, के सातवें दीक्षांत समारोह के अवसर पर, बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए, मुझे प्रसन्नता हो रही है।

मुझे विशेष रूप से खुशी हो रही है, कि लद्दाख प्रशासन और आईआईटी जम्मू ने मिलकर, लेह में एक सैटेलाइट कैंपस स्थापित करने के लिए साझेदारी की है। यह हमारे दूरदराज और ऊंचाई वाले क्षेत्र में रहने वाले युवाओं तक, विश्व स्तरीय तकनीकी शिक्षा पहुँचाने की दिशा में, एक बड़ा कदम है। सिविल इंजीनियरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व डेटा साइंस जैसे, भविष्य की ज़रूरतों से जुड़े कार्यक्रमों के साथ, यह पहल ऐसे इंजीनियरों, शोधकर्ताओं और innovators को तैयार करेगी, जो लद्दाख की विकास संबंधी विशेष ज़रूरतों को समझते हों। साथ ही, वे पर्यावरण के अनुकूल बुनियादी ढांचे, जल सुरक्षा, टिकाऊ ऊर्जा, digital access और responsible tourism के लिए समाधान तैयार कर सकें।

इस अवसर पर, उत्तीर्ण होने वाले छात्रों से मैं कहना चाहूँगा, कि आपकी शिक्षा की असली सिद्धि तब होगी, जब आपके ज्ञान का उपयोग, समाज की सेवा के लिए किया जाए। अपने सामने आने वाले हर प्रश्न का, खुले मस्तिष्क से सामना करें, प्रत्येक निर्णय में नैतिकता बनाए रखें, और यह सुनिश्चित करें, कि आपके कार्यों के परिणाम, समाज की सेवा में करुणा और संवेदनशीलता के साथ योगदान दें। हिमालयी क्षेत्र को ऐसे युवा पेशेवरों की आवश्यकता है, जो वैज्ञानिक उत्कृष्टता को हमारी पारिस्थितिकी, संस्कृति और समुदायों के प्रति संवेदनशीलता के साथ जोड़ सकें।

मैं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जम्मू, के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देता हूँ, तथा उत्तीर्ण होने वाले बैच के सफलता और उद्देश्यपूर्ण भविष्य की कामना करता हूँ।

**(विनय कुमार सक्सेना)**

**दिनांक: 24.09.2026**
**स्थान: लेह, लद्दाख**